अमर उजाला

# Solan News: परवाणू में नकली दवाइयों का ठिकाना सीज




जींद से गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर परवाणू के खडीन में मारा छापा
कमरे से बरामद हुई पैकिंग मशीन और जीवन रक्षक दवाइयां
ड्रग विभाग की अनुमति बिना चल रहा था गोरखधंधा
संवाद न्यूज एजेंसी
बद्दी (सोलन)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने परवाणू के खडीन में एक कमरे को नकली दवाइयों के गोरखधंधे के चलते सीज दिया। यह कार्रवाई हरियाणा के जींद जिले में पकड़े नकली दवा निर्माण रैकेट की जांच के आधार पर की गई। दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने परवाणू में ड्रग विभाग के निरीक्षक का सहयोग से कार्रवाई की। खडीन स्थित कमरे में छापेमारी के दौरान टीम को पैकेजिंग मशीन और कुछ जीवन रक्षक दवाएं मिलीं। इन्हें कब्जे में ले लिया है। हालांकि, वहां पर दवा निर्माण से जुड़ी कोई मशीन या कच्चा माल नहीं था।

Source: https://www.amarujala.com/himachal-pradesh/solan/fake-medicine-store-seized-in-parwanoo-solan-news-c-176-1-ssml1040-150066-2025-08-07